हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025

11 पुलिस ने साइबर ठग गिरोह का किया पर्दाफाश



12 अपेक्स में भक्ति और देशभक्ति का महामिलन, जन्माष्टमी...



### पहले दिन 20 पशु पकड़कर गोशाला व नंदीशाला भेजे गए, एक सप्ताह तक चलेगा अभियान

# नप की मिसमैनेजमेंट, शहर की सामाजिक संस्थाओं ने बेसहारा पशुओं को पकड़ने का काम किया शुरू

## नगरपरिषद ने रेवाड़ी की एजेंसी को दिया ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद





इसे मिसमैनेजमेंट कहें या भारी लापरवाही जिसके चलते शहर में बढ़ी संख्या में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने में नाकाम नगरपरिषद की जिम्मेवारी अब शहर की संस्थाओं ने अपने कंधों पर ले ली है। शहर की पांच सामाजिक संस्थाओं ने आज से शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का काम शुरू कर दिया है। वीरवार सुबह से इन संस्थाओं के सदस्यों ने 20 बेसहारा पशुओं को गोशालाओं में भेजा है। बता दें कि इन दिनों शहर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं के झुंड घूम रहे हैं जिस कारण अनेक लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। इन्हें पकड़ने के लिए नगरपरिषद ने रेवाड़ी की एजेंसी को ठेका दे रखा है और नगरपरिषद एजेंसी को प्रति पशु 1012 रुपये का भुगतान कर रही है। इस एजेंसी ने पिछले एक साल में एक हजार पशुओं को पकड़ने का दावा किया है। हालांकि लोग इसे शक की नजर से देख रहे हैं। यहां के सामाजिक प्रतिनिधि यहां तक कहते हैं कि नगरपरिषद के अधिकारी इन आंकड़ों में गोलमाल कर रहे हैं। सही अर्थों में पशु पकड़े ही नहीं गए। आज जिन संस्थाओं ने इस पशु पकड़ने के अभियान में सहयोग किया।

### जल्द ही अधिकारियों से करेंगे मंथन

वीरवार का अभियान अच्छा रहा, लेकिन आज के अभियान में संसाधनों और थोड़ी योजना का अभाव रहा। इसके लिए जल्दी ही आला अधिकारियों से मिलकर मंथन करेंगे। साथ ही सभी संगठनों, संस्थाओं और आमजन से भी भागीदार बनने की अपील की जाएगी, क्योंकि समस्या किसी एक संस्था या व्यक्ति की नहीं पूरे शहर की है। उम्मीद करते हैं परिणाम सार्थक रहेंगे।

**-हरदीप सिंह**, अध्यक्ष, जिंदगी संस्था

### 1000 पशुओं को गोशाला में भेजा

नगरपरिषद ने वर्ष 2024-25 में रेवाड़ी की एजेंसी को बेसहारा पशुओं को पकडने के लिए ठेका दिया था। नगरपरिषद प्रति पशु के हिसाब से 1012 रुपये का भुगतान एजेंसी को कर रही है। एजेंसी ने दावा किया है कि उन्होंने शहर से एक हजार बेसहारा पशु पकडक़र उन्हें गौशाला व नंदीशालाओं में भेजा है लेकिन लोग इस बात को कतई मानने को तैयार नहीं। शहर में इन दिनों रात के समय भट्टू रोड, रतिया रोड, भूना रोड, शिवालय मार्किट, बीघड़ रोड, जवाहर चौक, पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र में पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। पार्षद व नगरपरिषद अधिकारी सबकुछ देखकर खामोश हैं। सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों का कहना है कि अधिकारी कह रहे हैं कि पशु पकड़े जा रहे हैं और ग्रामीण रात के समय पशु छोड़ रहे हैं।

## 4 दिन में टूटी रामसरा-जोगीवाला और दैयड़-चाहरवाला सड़क

- विधायक ने सीएम से ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** चार दिन में ही टूटने लगी नई सडक़ें। *फोटो : हरिभूमि*

फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर फतेहाबाद में सडक़ निर्माण व अन्य विकास कार्यों में गड़बड़झाले के आरोप लगाए हैं। विधायक ने अपने पत्र में लिखा कि फतेहाबाद हलके के गांव रामसरा से जोगीवाला व गांव दैयड़ से चाहरवाला, नहराना वाया दैयड़ में बन रही सडक़ के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। विधायक ने इस बारे सीएम को सडक़ निर्माण के फोटो व घटिया निर्माण सामग्री की वीडियो भी भेजी हैं। इन दोनों सड़कों के निर्माण पर करीब 5 करोड़ रुपये की लागत आनी हैं। इस सडक़ का निर्माण जिला परिषद द्वारा करवाया जा रहा है। विधायक ने अपने पत्र में सिलसिलेवार 6 प्वाइंटों का जिक्र किया है। मीडिया को जारी बयान में कांग्रेसी विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने बताया कि सडक़ निर्माण कार्य में डाम्बर बिछाने से पहले रोड़ी बिछाई जाती है। इस सड़क निर्माण में ठेकेदार जमीन पर बिना रोड़ी बिछाए सीधी मिट्टी पर डाम्बर बिछाई जा रही है। साइड में सडक़ की स्पोर्ट के लिए ईंटें की स्पोर्ट बनाई जाती है लेकिन यहां पर ठेकेदार बिना किसी स्पोर्ट के ही सड़क बना रहा है।

## विभाजन विभीषिका दिवस पर शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, डिवाइडर पर लगाये पौधे

**फतेहाबाद।** सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के उपलक्ष्य में शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद क्लब सदस्यों ने डिवाइडरों पर बीएंडआर के सहयोग करते हुए कनेर के पौधे लगाएं। ज्ञात रहे संस्था द्वारा डिवाइडरों पर पहले 2 हजार पौधे लगाए गए थे जो डिवाइडरों के नव निर्माण के वक्त कुछ जगह रह गई थी, वहां अब बीएंडआर के तत्वावधान में यह पौधे रोपित किये जा रहे हैं। अब इनके रखरखाव का कार्य बीएंडआर के अधीन है। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने कहा कि हमें आजादी अनगणित शहीदों की बदौलत मिली है। जिनका नाम आज कोई लेने वाला नहीं है। इस आजादी में जो विभीषिका हुई, उसका दुख आज भी सभी को है। इस अवसर पर सरबत दा भला अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर, बीएंडआर जेई नरेश सहारण, लवली मेहता, आल इंडिया अरोड़ा महासचिव धर्मपाल चावला, राजपूत सभा से मनोज ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



## ब्रह्माकुमारी आश्रम में मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**फतेहाबाद।** अशोक नगर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। यहां स्थित फतेहाबाद का एक मात्र म्यूजियम देखने योग्य होगा। इस कार्यक्रम में बड़े व बच्चे भी आकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर अपना ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। सेंटर संचालिका बी के मोहिनी बहन ने बताया कि यह कार्यक्रम 16 अगस्त को सांय 7:30 बजे शुरू हो जाएगा व रात्रि 11 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं।

## स्मैक तस्कर को 1 साल 9 माह कारावास की सजा

**फतेहाबाद।** जिले में नशा तस्करी जैसे संगीन अपराधों के विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसते हुए, एनडीपीएस अधिनियम मामलों की विशेष अदालत, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिखा ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने उसे एक वर्ष 9 माह कारावास व 2 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार 2 जनवरी 2017 को सीआईए टोहाना की टीम, एएसआई जगमेल सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। बराड़ चौक, टोहाना के निकट एक व्यक्ति की तलाशी के दौरान 10 ग्राम स्मैक बरामद की गई।



**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बातचीत करते यूनियन प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

## मांगों को पूरा करने का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधिमंडल में हुई बातचीत,

कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच फतेहाबाद के प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों के बीच वीरवार को कार्यकारी अभियंता कार्यालय में विस्तार से बातचीत हुई। यूनियन का प्रतिनिधिमंडल ब्रांच प्रधान धर्मपाल दरियापुर की अध्यक्षता में बैठक में पहुंचा वहीं जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंडल फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता बलविन्द्र सिंह नैन, उपमंडल अभियंता सतपाल रोज, उपमंडल अभियंता भागीराम वर्मा, डिप्टी सुपरीडेंट मुकेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता अजमेर सिंह, पंकज शर्मा, विकास व अमनदीप ओला ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों की लंबित पड़ी 16 सूत्री मांग पत्र को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें अधिकारियों ने मांगों के प्रति गंभीरता से चर्चा की और 16 सूत्री मांग पत्र को पूरा करने का आश्वासन दिया।








बच्चो, भारत को आजादी एक लंबे संघर्ष के बाद, कितने ही स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बाद मिली। स्वतंत्रता दिवस एक अवसर है, आजादी के वीर सेनानियों को याद करने का। इनसे प्रेरणा लेने का। यह दिवस हमें इस बात के लिए भी जागरूक करता है कि हम देश के प्रति अपने दायित्वों को समझें और एकता के सूत्र में बंधकर इसे मजबूत बनाएं।

# प्यारा-न्यारा राष्ट्रीय पर्व हमारा स्वतंत्रता दिवस

आह्वान

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि स्वतंत्रता दिवस हमारा प्यारा राष्ट्रीय पर्व है। वह दिन जब हमारे देश को आजादी मिली थी। बच्चो, राष्ट्रीय मसले हों या व्यक्तिगत, अपने फैसले खुद लेने और स्वतंत्र रह कर जीने की भावना अनमोल होती है। स्वतंत्रता अपने साथ बहुत सारी जिम्मेदारियां भी लाती है। यह पर्व, देश को आजाद करवाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की भी याद दिलाती है। यह भावना स्वतंत्रता का मोल तो समझाती ही है, अपने देश से जुड़े रहना भी सिखाती है। अपने भीतर देशप्रेम की भावना जगाती है।

**देश हमारा घर:** बच्चो, जैसे देश के आंगन में हम सबका अपना-अपना एक घर होता है, वैसे ही दुनिया के नक्शे पर भारत हम सबका घर है। यह हम सबका सुंदर-सा बसेरा है, हमारा शेयर्ड स्पेस। अपने इस घर में मिल-जुलकर रहना सबसे प्यारी बात है। एक-दूसरे से जुड़कर अपने देश को आगे ले जाने की सोच बहुत जरूरी है। बच्चो, किसी भी देश के नागरिक ही उसकी ताकत होते हैं। वहां के नागरिक ही मिलकर अपने राष्ट्र का भविष्य बनाते हैं। तुम भी इस देश के भावी नागरिक हो। बहुत ही जिम्मेदारियां तुम्हें भी निभानी होंगी। इसीलिए यह कभी ना भूलो कि अपने देश को अपना घर समझने की सोच से हर दायित्व निभाना आसान हो जाता है।

**स्वतंत्रता का सफर:** बच्चो, आज पंद्रह अगस्त को हमारा देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है।



यह संघर्ष का एक लंबा सफर रहा है। हर फ्रंट पर आगे बढ़ने की यह जर्नी बहुत मुश्किलों से भरी रही है। इस यात्रा में नागरिकों ने मुश्किलों के समय साहस दिखाया और एक दूसरे के प्रति प्रेमभाव भी रखा। गर्व करने के पल भी आए। दुनियाभर में हमारे प्यारे तिरंगे का मान बढ़ा। बच्चो, देश की उन्नति में हर नागरिक की भूमिका अहम होती है। तुम्हें भी बड़े होने पर किसी ना किसी मोर्चे पर डटना होगा। अपनी मातृभूमि से प्यार का मतलब यही है कि हम उसकी बेहतरी और विकास के लिए काम करें। विश्व में अपने देश का मान बढ़ाएं। पूरी दुनिया में भारत सबसे न्यारा और प्यारा देश है। भारत की रंग-बिरंगी संस्कृति और दुनिया को हैरान करने वाले हेरिटेज कमाल के हैं। अपने देश के आंगन के इन रंगों की अनमोल विरासत को सहेजने की सोच भी हम सबके लिए जरूरी है।



**जिम्मेदार बनना होगा:** बच्चो, लंबे संघर्ष के बाद मिली आजादी को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार बनना भी आवश्यक है। बात अपने देश के झंडे और राष्ट्रगान जैसे प्रतीकों का सम्मान करने की हो या छोटे-छोटे नियमों के फॉलो करने की। साफ-सफाई को लेकर अवेयर रहना हो या अपनी संस्कृति से जुड़ना। ऐसी बहुत सी बातों को लेकर हमें जिम्मेदारियां लेनी होंगी। सबके साथ प्यार इक्वेलिटी से रहने वाली जीवन शैली अपनानी होगी। पेड़ लगाना, पशु-पक्षियों का ध्यान रखना, अपने बड़ों और टीचर्स का सम्मान करने की समझ रखनी होगी। बच्चो, अभी से तकलीफ में एक-दूसरे की मदद करना और



खुशियों को मिलकर सेलिब्रेट करना सीखना होगा। यह विश्वास और अपनापन पूरे देश को जोड़ने वाला लिंक है। बच्चो, अच्छी आदतें अपनाना जिम्मेदार बनने का पहला कदम है। अपने देश को प्यार करने का सुंदर तरीका अपनी जिम्मेदारियों को निभाना ही तो है।

**एकता के सूत्र में बंधो:** एक परिवार के सदस्य की तरह देश में भी सिचुएशंस हों, खुद अपनी भूमिका पूरी ईमानदारी के साथ निभाकर ही देश को संवारा जा सकता है। बच्चो, इस बात को समझना चाहिए कि जाति-धर्म, ऊंच-नीच की भावना से ऊपर उठकर हम सब भारतीय हैं। इस पर गर्व करते हुए हमें एक घर के सदस्य की तरह हमारी एकता के सूत्र में बंधे रहना चाहिए, यह देश की मजबूती के लिए जरूरी है।

**सबसे ऊपर हो मातृभूमि के मान का जज्बा:** बच्चो, अपनी धरोहर को सहेजने की ड्यूटी निभाना, हर नागरिक को देश की गरिमा और स्वाभिमान से जोड़े रखता है। हमारा यह जुड़ाव देश की नींव को मजबूती देता है। बच्चे तो हर देश की शान और जान होते हैं। अपने देश का भविष्य होते हैं। इसीलिए किसी भी तरह की कटुता या नकारात्मकता से हमेशा दूर रहो। तुम सबके मन में अपनी मातृभूमि का मान बढ़ाने का जज्बा सबसे ऊपर होना चाहिए।


**आजादी एक अनमोल विरासत:** हमारी आजादी एक अनमोल विरासत है। हंसी-खुशी से जीने की यह सिचुएशन हमें यूं ही नहीं मिली है। इसीलिए देश पर अपना जीवन कुर्बान करने वाले वीर जवानों को सदा सम्मान दो। आजादी के उत्सव में शामिल होना ना भूलो। देशभक्ति के गीत गाओ। तिरंगे को दिल से सैल्यूट करो। *

# स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र साबरमती आश्रम

बच्चो, हमारे देश में अनेक ऐसे ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनका भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से गहरा संबंध रहा है। ऐसे ही एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल, साबरमती आश्रम के बारे में जानो।

ऐतिहासिक स्थल

नयनतारा



बच्चो, भारत की आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा को हथियार बनाया और अंग्रेजों से लोहा लिया। महात्मा गांधी की कर्मभूमि थी साबरमती आश्रम। बच्चो, तुम्हें इस ऐतिहासिक स्थल के बारे में जरूर जानना चाहिए। जब कभी भी तुम्हें मौका मिले तो इस ऐतिहासिक स्थल को देखने जरूर जाओ। यहां तुम्हें महात्मा गांधी के जीवन, उनके संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

**कहां स्थित है:** साबरमती आश्रम को गांधी आश्रम के नाम से भी जाना जाता है। यह आश्रम गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती नदी के किनारे स्थित है। अहमदाबाद रेलवे स्टेशन से कैब लेकर 15-20 मिनट में वहां पहुंचा जा सकता है। पर्यटकों के लिए यह सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहता है। साबरमती आश्रम में प्रवेश निःशुल्क है।



आश्रम के संग्रहालय में रखा बापू का चरखा

**महात्मा गांधी की कर्मभूमि:** यह आश्रम लगभग 12 वर्षों तक गांधी जी का निवास था। यह स्थल अंग्रेजों के विरुद्ध उनके अहिंसात्मक आंदोलन का केंद्र रहा था। इस आश्रम में तुम्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में बहुत-सी जानकारियां मिलेंगी।

**क्या-क्या है आश्रम में:** पूरा साबरमती आश्रम दर्शनीय है, साथ ही यह स्वतंत्रता आंदोलन को समझने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस आश्रम में एक संग्रहालय भी है, जिसे गांधी स्मारक संग्रहालय के नाम से जाना जाता है। इस संग्रहालय में महात्मा गांधी से जुड़ी कई वस्तुएं, जैसे- चरखा, गांधी जी के पत्र, किताबें आदि रखी गई हैं। आश्रम में पेंटिंग्स और चित्र भी डिसप्ले किए गए हैं, जो गांधी जी के जीवन व दर्शन के बारे में बताते हैं।

**और भी बहुत कुछ है दर्शनीय:** यह आश्रम साबरमती नदी के किनारे स्थित है, इसलिए आश्रम से नदी का शांत-सुंदर नजारा भी देखने को मिलता है। यहां अनेक ऐसी जगहें हैं, जो तुम्हें प्रभावित करेंगी, जैसे- हृदय कुंज, जहां गांधी जी अपनी पत्नी कस्तूरबा के साथ रहते थे। उपासना मंदिर, जहां गांधी जी प्रार्थना करते थे। इसके अलावा विनोबा कुटीर भी है, जहां गांधीवादी विचारक विनोबा भावे कुछ समय के लिए रुके थे। *

### आश्रम में जाएं तो रखें इन बातों का ध्यान

साबरमती आश्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए यहां सौम्य वस्त्र पहन कर जाना चाहिए। यहां ऊंची आवाज में बात या शोर करने से बचना चाहिए और शांति बनाए रखना चाहिए। आश्रम में निःशुल्क फोटो खींचने और वीडियो बनाने की अनुमति है, लेकिन इस दौरान भी शालीनता का ध्यान जरूर रखना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की कहानी

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि हमारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' है। यह किताब इसी गीत की कहानी कहती है। इस किताब में विस्तार से बताया गया है कि 'वंदे मातरम' का जन्म कैसे हुआ? यह कैसे प्रचलन में आया? उस समय हमारे देश में क्या माहौल था? आखिर इस गीत में ऐसा क्या था कि यह उस दौर के बच्चे और बूढ़े हर किसी की जुबान पर चढ़ गया? इस किताब में तुम 'वंदे मातरम' गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की जीवनी भी पढ़ सकते हो। पूरी किताब रंगीन चित्रों से सजी है।




इनमें बहुत से स्वाधीनता सेनानियों और महापुरुषों के चित्र भी दिए गए हैं। साथ ही पूरे-पूरे पृष्ठ पर इतिहास की बहुत सी घटनाएं भी चित्रों में उकेरी गई हैं। किताब के आवरण पर बंकिम दा का एक सुंदर चित्र है। बच्चो, यह किताब तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए। *

**किताब:** कहानी 'वंदे मातरम' की, **लेखक:** मिलिंद प्रभाकर सबनीस, **अनुवाद:** नितिन वैद्य, **मूल्य:** 110 रुपए, **प्रकाशक:** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

## जानो देश के राष्ट्रीय प्रतीक

जानकारी

**राष्ट्रीय ध्वज:** तिरंगा, जिसमें तीन रंग की पट्टियां हैं- केसरिया, सफेद और हरा। इसके मध्य में नीले रंग का अशोक चक्र है।



**राष्ट्रीय पक्षी:** भारतीय मोर, जो अपने सुंदर पंखों और नृत्य के लिए प्रसिद्ध है।

**राष्ट्रीय पशु:** रॉयल बंगाल टाइगर, जो अपनी ताकत और सुंदरता के लिए जाना जाता है।

**राष्ट्रीय फल:** आम, जो भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है और बहुत स्वादिष्ट होता है।

**राष्ट्रीय वृक्ष:** बरगद का पेड़, जो विशालता, शाश्वतता और दृढ़ता का प्रतीक है।

**राष्ट्रीय फूल:** कमल, जो पवित्रता और सुंदरता का प्रतीक है। *

कहानी

नागेश पांडेय 'संजय'

सौरभ अपने नाना जी की तबीयत खराब होने के कारण स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले उनके गांव आ गया था। स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए वह अपने ममेरे भाई के स्कूल में चला गया। स्कूल में सौरभ के साथ जो व्यवहार हुआ, वह कभी ना भूलने वाला था। ऐसा क्या हुआ सौरभ के साथ?

# अनोखा स्वतंत्रता दिवस

'उठो भी सौरभ बेटा, आज पंद्रह अगस्त है।' मम्मी ने सौरभ को जगाया।

'अरे! मम्मी, पता है मुझे। लेकिन आज कोई स्कूल थोड़े ही जाना है। आप भी न..!' सौरभ कुनमुनाते हुए बोला।

मम्मी ने तीसरी बार जब सौरभ को कस कर हिलाया तो वह खीझ उठा। ऐसा भी नहीं कि सौरभ पंद्रह अगस्त को स्कूल नहीं जाता था। जाता था, हमेशा जाता था। उसे पता है, पंद्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इसी दिन अपना देश आजाद हुआ था। जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, देश के लिए कुर्बानियां दीं, उन्हें इस दिन याद करते हैं, उनके लिए सिर झुकाते हैं। स्कूल में भाषण होते हैं। नाटक खेला जाता है। गीत गाया जाता है। पिछले साल उसने भी तो गीत गाया था, उसे फर्स्ट प्राइज मिला था। भला मिलता भी क्यों न? उसने ऐसे ही थोड़े गाया था। साज और संगीत के साथ गाया था। सिराज ने पियानो बजाया था। मोनिका ने ढोलक। सार्थक, शिव और रिद्धि ने भी उसके सुर में सुर मिलाया था। गीत क्या, जैसे जादू था। सब उसे सुनकर मगन हो गए थे। आज भी याद है उसे वह गीत, 'आजादी के पावन दिन की, आओ सुनो कहानी/ कितनी मुश्किल से हम सबने, पाई थी आजादी/ जीता था गांधी का चरखा, जीत गई थी खादी/ अंग्रेजों के मंसूबों पर, खूब फिरा था पानी/ आजादी के पावन दिन की, ऐसी अजब कहानी।'




सौरभ ने करवट बदली। जम्हाई भरी। उठ कर बैठ गया। जोर से अंगड़ाई ली फिर अनमना सा बोला, 'मम्मी, आपने नींद खराब कर दी।'

मम्मी ने फिर वही वाक्य दोहराया, 'अरे! आज पंद्रह।' बीच में ही सौरभ विस्मित स्वर में बोल उठा, 'हां, हां, आज पंद्रह अगस्त है। लेकिन क्या आप भूल गई हैं कि हम लोग आज अपने घर पर नहीं हैं। नाना के घर पर हैं। यहां क्या मुझे स्कूल जाना है?'

कल मम्मी सौरभ को लेकर यहां आ गई थीं। जैसे ही खबर मिली कि नाना जी बहुत बीमार हैं। एडमिट हैं। वे उसे लेकर तुरंत यहां भागीं। सबसे मिल कर नाना की हालत में थोड़ा सुधार भी हुआ था। मम्मी देर रात तक जागी थीं। उनका चेहरा भी किसी बीमार से कम नहीं लग रहा था। उन्होंने सौरभ के गाल पर प्यार से चपत लगाते हुए, उसके सवाल का जवाब दिया, 'क्यों नहीं जा सकता स्कूल? अभी वीनू स्कूल के लिए तैयार हो रहा है। उसके स्कूल चले जाना। पंद्रह अगस्त के कार्यक्रम में वहां शामिल हो लेना। तेरे पापा कहीं बाहर होते हैं, तब भी तो पंद्रह अगस्त के फंक्शन को अटेंड करने जाते हैं न।' सौरभ के पापा इंटेलिजेंस अफसर हैं। कई बार ऐसा हुआ कि उनकी ड्यूटी अचानक बाहर लग गई, लेकिन उन्होंने पंद्रह अगस्त का आयोजन कभी भी मिस नहीं किया। जहां गए, वहीं शामिल हुए। कभी टीवी पर 'जन गण मन' की धुन भी सुनाई दे जाए तो वे सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाते हैं। सौरभ को याद आया, उन्होंने ही तो स्कूल के लिए देशप्रेम का गीत याद कराया था।

अब तो सौरभ की नींद ही नहीं, आलस भी गायब हो चुका था।

वह जल्दी से उठा और तैयार हो गया। ममेरे भाई वीनू के साथ उसके स्कूल गया। वीनू के स्कूल प्रिंसिपल सर को जब सारी बात पता चली तो वह बहुत खुश हुए। उन्होंने सौरभ को चीफ गेस्ट के बगल में बैठाया। उसे आज का नन्हा चीफ गेस्ट कहा गया। सब बच्चे उसे ही देख रहे थे।

प्रिंसिपल सर ने जब अपने भाषण में उसकी तारीफ करते हुए कहा, 'देश को सौरभ जैसे राष्ट्रप्रेमी बच्चों की जरूरत है। हमें सौरभ पर गर्व है। अपने देश के लिए यही जज्बा होना चाहिए। जब भी अवसर हो, हम देश के लिए अपना समय दें। हम अपने देश का दिल से सम्मान करें। उसके हर त्योहार का सम्मान करें। देश के हर राष्ट्रीय प्रतीक का सम्मान करें।'

सौरभ के लिए खूब तालियां बजीं। सौरभ जानता था कि इन तालियों की असली हकदार मम्मी हैं, जिन्होंने उसे यहां भेजा था।

कार्यक्रम समाप्त हुआ तो घर पहुंचने के लिए सौरभ के कदमों में खासी तेजी थी। उसे अपनी मम्मी के गले लगकर उन्हें थैंक यू जो बोलना था। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय




## भारत की पहचान तिरंगा

आन-बान है, शान तिरंगा,
भारत की पहचान तिरंगा।
नगर-नगर में, डगर-डगर पर,
गांव-गली में, सीमाओं पर।
लहर-लहर कर,
फहर-फहर कर,
देशभक्ति भरता है घर-घर।
है उत्सव, अभियान तिरंगा।
हम सबका अभिमान तिरंगा।
भारत की पहचान तिरंगा।
आजादी वाला यह परचम,
तीन रंग का है यह संगम।
शौर्य, शांति, हरियाली के संग,
चक्र प्रगति का घूमे हरदम।
हम सब का अरमान तिरंगा।
रहता सीना तान तिरंगा।
भारत की पहचान तिरंगा।

## जीके क्विज-166

1. आज हम सब कौन-सा (क्रमानुसार) स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं?
2. ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला बड़ा सशस्त्र विद्रोह कब हुआ था?
3. असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
4. भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू हुआ था?
5. अंग्रेजों के विरुद्ध फॉरवर्ड ब्लॉक और भारतीय राष्ट्रीय सेना ( आईएनए) की स्थापना किसने की थी?
6. किस स्वाधीनता सेनानी को 'लोकमान्य' की उपाधि दी गई थी?
7. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर कौन थे?
8. स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री कौन थे?
9. भारत का राष्ट्रगान किसने लिखा है?
10. किस भारतीय क्रांतिकारी को 'शहीद-ए-आजम' के नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-166 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-165 का उत्तर :** 1 रानी मुखर्जी, 2.रेखा गुप्ता, 3.कानपुर और लखनऊ, 4.इंडोनेशिया में, 5.रवींद्रनाथ टैगोर, 6.चार्ल्स फ्रीर एंड्रयूज, 7.सारनाथ में, 8.परम 8,000, 9.रॉन्टजेन, 10.भूकंप की तीव्रता

**जीके क्विज-165 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, सौम्या-रायगढ़, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, आर्यन-बालोद, सुनिधि-रायपुर, शुभम-कटनी, दीपिका-रोहतक, जितेन-दिल्ली, अंकिता-भोपाल, कुसुम-धमतरी

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां स्वतंत्रता दिवस सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम इन चित्रों को गौर से देखो और फटाफट ये पांचों अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.बैकग्राउंड में दिख रही बिल्डिंग्स के रंग बदले हुए हैं। 2. तीन की बजाय पांच बच्चे दिख रहे हैं। 3.बाईं तरफ हाथ में तिरंगा थामे लड़के की पगड़ी का रंग बदला हुआ है। 4.बीच में खड़ी लड़की के हाथ में तिरंगा नहीं है। 5. चार के बजाय पांच हॉट एयर बैलून दिख रहे हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, सोनू को इंडिपेंडेंस-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के ग्रुप में शामिल होना है, लेकिन उन तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम सोनू को उसके दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### डीडीपीओ ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीडीपीओ अनूप सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना और तुरंत कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। डीडीपीओ अनूप सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित रूप से समाधान उपलब्ध कराना है।

### धूमधाम से मनाई जाएगी कृष्ण जन्माष्टमी

**रतिया।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्री कृष्ण गौशाला रतिया के प्रांगण में 16 अगस्त शनिवार को सांय 7 बजे बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री कृष्ण गौशाला के प्रधान छिंदर पाल दानेवालिया ने बताया कि श्री हनुमान सेवा दल व श्री कृष्ण गौशाला महिला मंडल के विशेष सहयोग से कार्यक्रम की तैयारिया पूर्ण कर ली है।

### देश की तरक्की के लिए काम करें युवाः दयानंद

**सिरसा।** बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट व चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने रानियां रोड स्थित लाला जगननाथ जैन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति पर आधारित गीत व भाषण प्रतियोगिता करवाई। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रो. दयानंद शर्मा ने बच्चों को भारत की आजादी के लिए लड़ने वाले शहीदों की अमर गाथा सुनाई और छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे देश की आजादी को संजोने व देश की तरक्की के लिए काम करें, ताकि देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाया जा सके।

### ग्यारह लाख की ठगी का आरोपी जींद से गिरफ्तार

**चोपटा।** पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को जींद से गिरफ्तार कर लिया है। नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी राजकुमार ने गुरुवार को बताया कि अमित कुमार निवासी गिगोरानी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सरकार की वादाखिलाफी से जनता परेशानः सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों में जनकल्याण कम और जन उत्पीडन और शोषण अधिक दिखाई देता है। बैंकों की मनमानी और केंद्र सरकार की वादाखिलाफी से जनता परेशान हो रही है। जन धन योजना के नाम पर गरीब, मजदूर, किसानों और आम नागरिकों के खाते तो खुलवाए गए, पर अब बैंकों के नए आदेश के अनुसार खाते में 10 हजार रुपये की न्यूनतम राशि रखनी होगी।

### ट्रेफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के काटे चालान

**सिरसा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पूरा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में जिला यातयात प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह भी अपनी पूरी टीम के साथ अलर्ट मोड पर हैं और इसी कड़ी में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व डबवाली रोड सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में नाके लगाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया। इस दौरान उन्होंने ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत वाहन चालकों की जांच कर 8 लोगों के चालान किए।

### यूथ मैराथन में प्रथम को मिलेगा 50 हजार इनाम

**सिरसा।** नशे के खिलाफ जन जागरूकता के संदेश के साथ डबवाली में 24 अगस्त को यूथ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मैराथन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यूथ मैराथन में विभिन्न आयु वर्गों के पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों को छह लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष व महिला विजेताओं को अलग-अलग नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। ओवरऑल श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 50 हजार, द्वितीय स्थान को 37,500 और तृतीय स्थान को 25,000 का नकद इनाम मिलेगा।

# भट्टू कलां का शौर्य : हर घर से निकलते हैं देशभक्त स्वतंत्रता दिवस पर गांव करेगा सैनिकों का सम्मान

युद्धभूमि में अपने साहस का परिचय दे चुके 3 सैनिकों को नवाजा जाएगा

गांव भट्टू कलां को हरियाली और खेत-खलिहानों के लिए जाना जाता

रण सिंह माचरा ⏭ भट्टूकलां

फतेहाबाद जिले का ऐतिहासिक गांव भट्टू कलां जहां एक ओर हरियाली और खेत-खलिहानों के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर यह वीरता, देशभक्ति और बलिदान की मिसाल भी है। इस गांव की मिट्टी ने ऐसे अनेक रणबांकुरे देश को दिए हैं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना भारत माता की सेवा में जीवन अर्पित कर दिया। स्वतंत्रता दिवस 2025 पर गांव के तीन जांबाज सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा, जो न केवल युद्धभूमि में अपने साहस का परिचय दे चुके हैं, बल्कि आज भी अपने अनुशासन और प्रेरणा से नई पीढ़ी को देशसेवा के लिए जागरूक कर रहे हैं।

### हर मोर्चे पर की देश सेवा



कैप्टन बनवारी लाल सांई, जो 1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपनी बहादुरी का लोहा मनवा चुके हैं, आज भी गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। युद्धकाल में न केवल उन्होंने मोर्चों पर डटकर दुश्मनों का सामना किया, बल्कि रणनीतिक स्तर पर भी सेना को मार्गदर्शन प्रदान किया। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैप्टन सांई राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भट्टू कलां में ध्वजारोहण करेंगे और छात्रों को देशभक्ति का संदेश देंगे।

### सम्मान और सेवा का प्रतीक



सेना में अपने लंबे और निष्ठावान सेवाकाल के दौरान हवलदार जयप्रकाश सांई ने देश की सुरक्षा में कई महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें उनकी सेवाओं के लिए कई प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 1965 के भारत-पाक युद्ध में अद्वितीय साहस के लिए इन्हें रक्षा पदक मिला। दीर्घकालीन और निष्ठावान सेवा हेतु सैन्य सेवा पदक, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में सहभागिता पर पूर्वी स्टार मेडल तथा युद्धकालीन योगदान के लिए संग्राम मेडल देकर इन्हें सम्मानित किया जा चुका है। इस 15 अगस्त को हवलदार जयप्रकाश सांई राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, भट्टूकलां में ध्वजारोहण करेंगे, यह पूरे गांव के लिए गर्व का क्षण होगा।

### अनुशासन का आदर्श चेहरा



भट्टू कलां के एक और वीर सपूत, सेवानिवृत्त ड्रिल इंस्ट्रक्टर रामकुमार मेहला, तीनों प्रमुख युद्धों के अनुभवी योद्धा हैं। वे भारतीय सेना में अनुशासन, प्रशिक्षण और कर्तव्यपरायणता की मिसाल रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका समय के प्रति अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का जज्बा गांव के युवाओं को निरंतर प्रेरित करता है। इस स्वतंत्रता दिवस पर वे राजकीय उच्च विद्यालय, भट्टू मंडी में ध्वजारोहण करेंगे।

### गांव का गौरव देश की शान

स्वतंत्रता दिवस 2025 पर जब इन वीर सपूतों के हाथों से तिरंगा लहराएगा, तब यह केवल एक राष्ट्रीय ध्वज नहीं बल्कि बलिदान, सम्मान और भारतीय सशस्त्र बलों के गौरव का प्रतीक होगा। भट्टूकलां का हर नागरिक इन रणबांकुरों पर गर्व करता है, और यह दिन गांव के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा।

## प्रेम प्रसंग में हुई थी अंकित की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**भूना।** प्रेम प्रसंग के चलते हुए सनसनीखेज अंकित हत्याकांड में फतेहाबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सीआईए स्टाफ फतेहाबाद की टीम ने वांछित आरोपी सुरेश नायक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भूना की शनि कॉलोनी का रहने वाला है। इससे पहले इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी रमेश उर्फ बकरा, अश्वनी उर्फ मक्खन नायक और विजय कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सब इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ढाका के नेतृत्व में चल रही इस जांच में अब तक कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। भूना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि जांच में सामने आया कि प्रेम प्रसंग को लेकर चली आ रही रंजिश के चलते आरोपियों ने मिलकर अंकित की लाठी-डंडों और ईंटों से बेरहमी से हत्या कर दी थी।

## साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश

# तीन ठग गिरफ्तार, रिमांड पर सरगना, पौने 4 लाख बरामद

9 मोबाइल फोन, आठ सिम, आठ डेबिट कार्ड, 13 चेकबुक, 22 पासबुक सहित तीन लाख 70 हजार की राशि बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

डबवाली पुलिस ने विदेश से रिश्तेदार बनकर मदद की गुहार लगाकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मध्यप्रदेश से मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नौ मोबाइल फोन, आठ सिम, आठ डेबिट कार्ड, 13 चेकबुक, 22 पासबुक, 12 क्यूआर कोड स्कैनर व तीन लाख 70 हजार नगद राशि बरामद की गई है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डबवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय कपिल अहलावत ने बताया कि आरोपियों की पहचान सुम्मू कुमरे उर्फ छोटू पुत्र रतन लाल, संजय कुमार उर्फ चंदू पुत्र रूपचंद व देवेंद्र विश्वकर्मा उर्फ देवा पुत्र गिरन सिंह विश्वकर्मा निवासी जिला सिवनी मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता क व्हाट्सएप नम्बर पर अनजान नम्बर से काल आई और उसने कहा कि वह शिकायतकर्ता के भतीजे का दोस्त आस्ट्रेलिया से बोल रहा है और उसका एक दोस्त दिल्ली में अस्पताल में काफी बीमार हालत में भर्ती है। कॉल करने वाले ने शिकायतकर्ता से बैंक खाता मांगा कि उसके दोस्त के खाता में दिक्कत होने के कारण पैसे नहीं जा रहे, मैं आपके खाता में भेज दूंगा आप उसके दोस्त के पास भेज देना। जिस पर शिकायतकर्ता ने अपना खाता उस वाट्सएप नंबर पर भेज दिया। उसके बाद उस वाट्सएप्प नम्बर से उसके पास एक कम्पयूटराइज रसीद प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता के खाते में 16 लाख रुपये क्रेडिट दिखाए। कॉल करने वाले ने बताया कि तकनीकी खराबी होने पर अभी आपके खाते में पैसे नहीं आए हैं जो थोड़ी देर में आ जाएंगे, शिकायतकर्ता को विश्वास में लेने के लिए कॉल करने वाले ने एक फर्जी बैंक मैनेजर से शिकायतकर्ता की बात कराई जिससे शिकायतकर्ता को विश्वास हो गया। फिर उसके व्हाट्सपपर उसी नम्बर से दो बैंक के खाता नम्बर भेजे गए। उसने दोनों बैक खाता में 13 लाख 50 हजार रुपये भेज दिए।



सिरसा। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी कपिल अहलावत। *फोटो: हरिभूमि*

### दूसरों के खाते में पैसे डलवाकर करते थे ठगी

पुलिस ने सुराग जुटाकर मध्यप्रदेश से तीनों आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से नौ मोबाइल फोन, आठ सिम, आठ डेबिट कार्ड, 13 चेकबुक, 22 पासबुक, 12 क्यूआर कोड स्कैनर व मुख्य आरोपी सुम्मू के पास से 90 हजार रुपये नगद राशि बरामद हुई। जांच के दौरान चार लाख रूपये आरोपी संजय के खाता में व नौ लाख 50 हजार रुपये किसी अन्य खाता में जाना ट्रांसफर होने मिले। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सुम्मू का पांच दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर सुम्मू के घर से दो लाख 80 हजार रुपये नगद राशि बरामद की गई। रिमांड अवधि के दौरान की गई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वे दूसरे लोगों के खाते में पैसे डलवा कर साइबर ठगी करते थे।

## 9 छात्राओं ने एमए संस्कृत में टॉप-10 में बनाया स्थान

राजकीय महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा की छात्राओं ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित एमए (संस्कृत) के चौथे सेमेस्टर की मेरिट सूची में चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा की 9 छात्राओं ने टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में एमए संस्कृत की पढ़ाई वर्ष 2023 में शुरू हुई थी और यह पहला बैच है जो पास आउट हुआ है। सूची में पहले स्थान पर प्रकाशी ने 83.38 प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी। इनके बाद क्रमशः वंदना, कविता, सुमन रानी, प्रोमिला रानी, मनीषा, योगिता (विश्वविद्यालय विभाग), मुकेश, ऋतु रानी और एक अन्य वंदना ने स्थान बनाया। इनमें से प्रोमिला रानी ने अपने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।



फतेहाबाद। एमए संस्कृत में टॉप करने वाली राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा की छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

## उपायुक्त ने जिलावासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला उपायुक्त मनदीप कौर ने फतेहाबाद जिले के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त का दिन हमें उन वीर सपूतों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई। यह दिन हमें आपसी भाईचारा, एकता और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस उत्सव का दिन होने के साथ आत्मनिरीक्षण और संकल्प का भी दिन है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सभी लोग देश की प्रगति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर जिले को स्वच्छ, हरित और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए।



जिला उपायुक्त मनदीप कौर।

## प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**भूना।** प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति की विशेष बैठक गुरुवार को आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सुनील खुराना को समिति का नया प्रधान चुना गया। संरक्षक मंडल में मा. बाल किशन गिरधर, गोकल चंद धवन व रिंकू खुराना शामिल किए गए। सचिव की जिम्मेदारी मुनीष मोंगिया को सौंपी गई, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर शनटी रल्हन को नियुक्त किया गया। सुशील गिरधर उप प्रधान और मोहित रल्हन व शुभम जताना युवा उप प्रधान बनाए गए। सह सचिव की भूमिका आदित्य शर्मा निभाएंगे।

## महिला कॉलेज में निकाली तिरंगा यात्रा

- प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा रैली को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का अपना एक ध्वज होता है, जो उस देश के स्वतंत्र देश होने का संकेत है। भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की अभिकल्पना पिंगली वैंकैयानंद ने की थी और इसे इसके वर्तमान स्वरूप में 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक के दौरान अपनाया गया था। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। एक अन्य कार्यक्रम में महाविद्यालय पुस्तकालय प्रभारी प्रो. मोनिका गिल के संयोजन में एस.आर. रंगानाथन के जन्मदिवस पर पुस्तकालय दिवस मनाया गया। पुस्तकालय रेस्टोरर सुरेंद्र ने उनके जीवन परिचय और उनके द्वारा दिए गए लाइब्रेरी साइंस के महवपूर्ण सिद्धांतों को छात्राओं के साथ सांझा किया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रो. डॉ. मोनिका गिल, सहायक प्रो. किरणबाला, डॉ. यादविंद्र सिंह, प्रो. अंकिता मोंगा, प्रो. मुकेश कुमार के अलावा शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों के साथ काफी संख्या में छात्राएं शामिल हुई।



सिरसा। तिरंगा यात्रा निकालते हुए कॉलेज छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

## अधिवक्ता पर दर्ज मुकदमा रद करने की मांग

- बार एसोसिएशन ने पूरे प्रदेश में वर्क सस्पेंड करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

बार एसोसिएशन सिरसा के प्रधान गंगाराम ढाकां ने कहा कि अधिवक्ता अमित सिहाग के खिलाफ डिंग थाना पुलिस द्वारा दर्ज किया गया मुकदमा सरासर झूठा है। पुलिस द्वारा इस मामले में अधिवक्ता के साथ ज्यादती की गई है। पुलिस के रवैये के खिलाफ सिरसा बार में पिछले तीन दिनों से वर्क सस्पेंड किया हुआ है। अगर अधिवक्ता अमित सिहाग के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द नहीं की गई और जबरन मकान में घुसने वाले डीटीपी विभाग के जेई के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो सोमवार से पूरे हरियाणा की बार में वर्क सस्पेंड किया जाएगा। प्रधान गंगाराम ढाका वीरवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गंगाराम ने बताया कि जब अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार पुलिस द्वारा ज्यादती की जा रही है तो आम पब्लिक का क्या होगा। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई की सुबह हुडा सेक्टर-20 निवासी अधिवक्ता अमित सिहाग गांव मोरीवाला में निर्माणाधीन भवन को देखने के लिए गए थे। इसी दौरान डीटीपी विभाग का जेई अभिषेक दीवार फांदकर भवन में घुस गया। अमित सिहाग ने उन्हें देख लिया और पूछताछ की तो उसने धमकी देते हुए कहा कि आप अवैध निर्माण कर रहे हो, इसे विभाग द्वारा गिराया जाएगा। जब उसने बताया कि विभाग की ओर से पहले भी नोटिस आया था, जिसका वह जवाब दे चुका है। इस पर जेई तैश में आकर उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। उसने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस टीम ने भी उससे भवन में घुसने बाबत ऑर्डर मांगे तो वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया।



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते बार एसोसिएशन के प्रधान व अन्य।

### पुलिस की होगी जिम्मेदारी

बार प्रधान ने बताया कि अभी तो सिरसा में ही वर्क सस्पेंड है, अगर अधिवक्ता पर दर्ज मुकदमा रद नहीं किया गया और आरोपी जेई के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो सोमवार से पूरे हरियाणा में वकीलों का वर्क सस्पेंड रहेगा, जिसकी जिम्मेदारी सिरसा पुलिस की होगी। इस संबंध में बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा, रजिस्ट्रार जनरल पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट, चीफ सेक्रेटरी हरियाणा, डीजीपी हरियाणा, जिला उपायुक्त सिरसा, एसपी सिरसा, आईजीपी हिसार रेंज को भी पत्राचार से सूचित कर दिया गया है।



## आजाद भारत अब भी विषय विकारों और मन के बंधन मेंः मनोज बहन

**ओढां।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ओढ़ा पाठशाला में स्वतंत्रता दिवस और श्री कृष्णजन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और छोटे बच्चों ने देशभक्ति गीत पर डांस द्वारा प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मनोज बहन ने बताया कि हमारा भारत देश अंग्रेजों की गुलामी से तो स्वतंत्र हो गया है लेकिन अब भी विषय विकारों व मन के बंधन में है। सच्ची आजादी तभी कहलाएगी जब हम सब इन विकारों के बन्धन से, ईर्ष्या द्वेष, नकरत, वैर विरोध की भावना से दूर होकर शांति एकता और प्रेम की भावना को जागरूक करेंगे तभी भारा देश कलियुग से सतयुग में परिवर्तन होगा। जहां हर एक बालक श्री कृष्ण जैसा और हर एक बालिका राधा होगी। अगर हम सभी श्रीकृष्ण वाले दैवीगुणों को अपने अंदर भरते है तो हमारा घर जल्दी ही स्वर्ग बन जायेगा।

## डीएवी पुलिस स्कूल में प्रधानाचार्या ने ध्वज फहराकर किया शुभारंभ

# छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अंतर्गत आज डीएवी पुलिस स्कूल की एनसीसी यूनिट और एनएसएस वालंटियर्स ने एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के साथ हुई। इसके बाद यह तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू होकर पुलिस लाइन से लेकर अलग-अलग प्रमुख स्थानों से होते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा में एनसीसी कैडेट्स के साथ एनएसएस वालंटियर्स व शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। इसके बाद, एनसीसी और एनएसएस के वालंटियर्स के साथ अन्य छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ तिरंगे को हाथों में लेकर यात्रा शुरू की। रास्ते भर में विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम् व भारत माता की जय के उद्घोष के साथ वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा।




फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल से तिरंगा यात्रा को रवाना करते प्रधानाचार्या अमिता सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### एक महान राष्ट्र की यात्रा पर विचार किए साझा

कार्यक्रम के अंत में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और हमारे महान राष्ट्र की ऐतिहासिक यात्रा पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई, जिनमें देशभक्ति से जुड़े गीत और नृत्य शामिल थे। हर घर तिरंगा अभियान के इस ऐतिहासिक अभियान ने विद्यालय के छात्रों में देशप्रेम और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और भी प्रगाढ़ किया। आयोजन के समापन पर छात्रों ने संकल्प लिया कि वे हर घर में तिरंगा फहराने के इस अभियान में पूरी तरह से भाग लेंगे और सशक्त भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

**खबर संक्षेप**

## क्रेसण्ट स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट स्कूल में बाल गोपाल जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी एवं एकता, सम्मान व राष्ट्र प्रेम थीम के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का संयुक्त भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों में भाग लिया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पण के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने कृष्ण जन्म, मीरा बाई नृत्य, रास-लीला, अभिमन्यु एक्ट, द्रौपदी एक्ट, गोविंद बोलो गोपाल बोलो तथा स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह पर आधारित नाटक जैसे मनमोहक मंचन प्रस्तुत किए।

## गांधी विद्या मंदिर स्कूल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** सेक्टर 12 स्थित गाँधी विद्या मंदिर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस तथा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन महोत्सव के उपलक्ष्य में आज ऑपरेशन सिंदूर व श्री राधाकृष्ण थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दसवीं के बच्चों ने आकर्षक नृत्य व लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें 'कान्हा सोजा जरा' गीत पर कक्षा प्रथम व द्वितीय के नन्हें मुन्ने बच्चों के अति सुंदर नृत्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय की छात्राओं अरुणा और आरवी ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने श्री राधा व श्री कृष्णा के बाल रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।

## एमएम बीएड कॉलेज के लगा रक्तदान शिविर

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के 21वें स्थापना दिवस पर रोटरी क्लब फतेहाबाद टाऊन के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर के मुख्य अतिथि मनोहर मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बतरा थे जबकि अध्यक्षता रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3090 के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर गुलबहार सिंह ने की। एमएम बीएड कॉलेज के उपप्रधान संजीव बतरा व प्राचार्या गुंजन बजाज ने अतिथियों का स्वागत किया।

## सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़े छात्र

**फतेहाबाद।** बस्ती भलाडिय़ा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नए बनाए गए कुकिंग शैड का आज उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवी कुसुम चौधरी ने भाग लिया। इस शैड का निर्माण कुसुम चौधरी द्वारा करवाया गया है। इस पुण्य कार्य में सहयोग करने पर मौलिक मुख्याध्यापिका वन्दना शर्मा, विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ ने कुसुम चौधरी का धन्यवाद किया।

## टोहाना व जाखल में निकाली तिरंगा यात्रा

**टोहाना।** स्वतंत्रता दिवस पर्व को उत्साह और गर्व के साथ मनाने के लिए पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टोहाना और जाखल खंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में वीरवार को भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। एसडीएम आकाश शर्मा ने शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी।

# इतिहास के साये में खो गया गोरखपुर का वीर सपूत, जो आजादी के लिए 18 की उम्र में अंग्रेजी हुकूमत से भिड़े

### 1937 में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन के कारण जेल भी जाना पड़ा

**स्वरूप सिंह शर्मा: वो नाम, जो आजादी की लड़ाई में गूंजा, पर इतिहास में कहीं दर्ज नहीं हुआ**

दलबीर सिंह ⏭ भूना

आजादी की लड़ाई की गाथा केवल उन नामों तक सीमित रह गई जो इतिहास की किताबों में दर्ज हैं, मगर भारत की मिट्टी में ऐसे अनगिनत सपूत दफन हैं, जिनकी कुर्बानियों को शायद ही कभी मंच मिला। फतेहाबाद जिले के गांव गोरखपुर के एक ऐसे ही वीर सपूत थे स्वरूप सिंह शर्मा, जिन्होंने न सिर्फ अंग्रेजों के खिलाफ 18 साल की उम्र में बिगुल बजाया, बल्कि ताउम्र देश सेवा की। मगर अफसोस, आज उनके नाम की कोई स्मृति तक नहीं बची।

### 1937 से आजादी तक, आंदोलन का हिस्सा रहे गोरखपुर के लाल


स्वरूप सिंह शर्मा का जन्म 8 दिसंबर 1919 को गोरखपुर गांव में गुलजारी लाल शर्मा के घर हुआ था। पढ़ाई में दसवीं तक पढ़े स्वरूप सिंह ने कम उम्र में ही आजादी के आंदोलन का रास्ता पकड़ लिया। 1937 में जब अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह चरम पर था, तब उन्होंने खुलकर आंदोलन में भाग लिया। इसके चलते उन्हें जेल भी जाना पड़ा, लेकिन जेल की सलाखों ने न उनके इरादों को कमजोर किया, न हौसलों को। उन्होंने अत्याचार सहे, मगर देश को आजाद कराने की ललक कम नहीं हुई।

### दान में दी 6400 गज जमीन, बनी धर्मशाला

आज जहां लोग छोटी-छोटी चीजों के लिए नाम और शोहरत चाहते हैं, वहीं स्वरूप सिंह शर्मा ने 1985 में अपने गांव में स्थित करीब 6400 गज जमीन धर्मशाला निर्माण के लिए निस्वार्थ दान में दे दी। आज उसी जमीन पर धर्मशाला भव्य रूप ले चुकी है, जो समाज के हर वर्ग के काम आ रही है। इसके अलावा गोरखपुर में उनकी गोद ली हुई संतान के नाम करीब 10 एकड़ जमीन आज भी मौजूद है।

### संघर्ष को दस्तावेजों में नहीं मिली जगह

स्वरूप सिंह शर्मा उन सेनानियों में से हैं, जिनकी कहानियों को दस्तावेजों में जगह नहीं मिली। ना किसी पुस्तक में नाम, न किसी सरकारी दस्तावेज में पहचान। गांव गोरखपुर की युवा पीढ़ी आज उन्हें जानती तक नहीं, क्योंकि उनके नाम पर न कोई बोर्ड है, न इमारत, न यादगार।



स्वतंत्रता सेनानी स्वरूप सिंह शर्मा की फाइल फोटो।

### भुला दिया गया योद्धा

आजादी के बाद स्वरूप सिंह शर्मा ने पानीपत खादी उद्योग में सेवाएं दीं। वह समाज और देश से जुड़े रहे, लेकिन न तो उन्हें सरकारी फाइलों में कोई मान्यता मिली, और न ही उनके गांव गोरखपुर में कोई स्मारक या संग्रहालय बना। 1997 में उनका निधन हो गया, और तब से जैसे उनका नाम भी इतिहास से मिटा दिया गया। स्वरूप सिंह शर्मा की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी जय देवी, जिनकी शादी पुंडरी में हुई और छोटी बेटी प्रेमलता, जो जींद में विवाहित हैं। बेटा न होने के कारण उन्होंने अपने भाई चंदगीराम शर्मा के पोते रोशनलाल को गोद लिया, जो आज गोरखपुर की पुश्तैनी जमीन की देखरेख कर रहे हैं।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 को

**भूना।** प्राचीन शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में 16 अगस्त को 29वां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य अनील सोनी व ललित सोनी ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और प्राचीन शिव मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झूमरों से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। महोत्सव के मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भजन गायक जश यमला एंड पार्टी और सरबजीत सपना व उनकी टीम रहेंगे, जो भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का भजन-कीर्तन के माध्यम से गुणगान करेंगे। साथ ही, प्रसिद्ध झांकी कलाकार लवप्रीत आर्ट द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## अपेक्स में भक्ति और देशभक्ति का महामिलन

# स्वतंत्रता दिवस के जोश ने बांधा समां, जन्माष्टमी भी मनाई

**कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण-राधा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सतीश कालोनी स्थित अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में आज दो पर्वों का अद्वितीय संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण-राधा की प्रतिमा के समक्ष स्कूल प्रबंधक अमित मक्कड़, अंशुल चराईपौत्रा और प्रधानाचार्य उमंग कक्कड़ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।

कृष्ण और राधा का दिव्य प्रेम और उनकी भक्ति का संदेश इस अवसर की गरिमा को और बढ़ा रहा था। यह उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि प्रेम, समर्पण और सद्भाव का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा था। प्रधानाचार्य उमंग कक्कड़ ने कहा कि जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस दोनों ही हमें गहरे जीवन संदेश देते हैं। श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और निष्ठा का मार्ग दिखाता है, वहीं स्वतंत्रता दिवस हमें त्याग, साहस और एकता की प्रेरणा देता है। यदि हम इन दोनों पर्वों के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो हम न केवल एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं, बल्कि अपने चरित्र और समाज को भी ऊँचाइयों तक पहुँचा सकते हैं। जन्माष्टमी का उत्सव अत्यंत मनोहारी रहा। नन्हे-मुन्ने बाल-गोपाल पीली धोती, मोरपंख और माखन-मटकी के साथ मंच पर अवतरित हुए तो पूरा वातावरण वृंदावन सा जीवंत हो उठा। राधा के रूप में सजी बालिकाओं की गुलाबी चुनरियाँ, कान्हा के आसमानी और पीले वस्त्र, तथा रंग-बिरंगी सजावट मानो एक जीवंत इंद्रधनुष-सा प्रतीत हो रही थी। रास-लीला, गोपी संवाद और माखनचोरी के भावपूर्ण दृश्य देखकर दर्शकों के चेहरे खुशी से दमक उठे।




**फतेहाबाद।** अपेक्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।




### ध्वजारोहण किया

इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भी पूरे उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुए इस समारोह में परेड, देशभक्ति गीत और जोशीले भाषणों ने सभी के हृदय में राष्ट्रप्रेम की अग्नि प्रज्वलित कर दी। केसरिया, सफेद और हरे रंगों से सुसज्जित परिधान और लहराता तिरंगा पूरे परिसर में गौरव और उल्लास का संचार कर रहा था। स्कूल संचालक अमित मक्कड़ ने कहा, इन दोनों पर्वों का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि उनके मूल्यों को जीवन में आत्मसात करना है। प्रेम, करुणा, निष्ठा, त्याग और देशभक्ति, यही वह गुण हैं जो हमें एक सशक्त और संस्कारित समाज की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ हुआ, जिसने हर हृदय में भक्ति और देशभक्ति की ज्योति एक साथ प्रज्वलित कर दी।

# खो-खो व कुश्ती में जीते पदक

- आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरियापुर के छात्रों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर के बच्चों ने गांव धांगड़ में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में शानदार किया। आदर्श स्कूल के खिलाडिय़ों ने तामसपुरा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस टीम में शामिल डेविड, डेनिस, देवदर्शन, विकास, सुख, मिलन, निर्भय, नक्श, यश, संचित, वारिस, हिमांशु, और दक्ष ने खो-खो में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा कुश्ती प्रतियोगिता में स्कूल से कक्षा तीसरी के छात्र दुष्यंत ने 35 प्लस किलोग्राम वर्ग भार में स्वर्ण पदक जीता और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। विद्यालय की रस्साकशी टीम ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के निर्देशक दर्शन मेहता, प्रधानाचार्य अंजलि मेहता, डायरेक्टर साहिल मेहता और उप-प्रधानाचार्य सीमा कोचर ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और कड़ी मेहनत करने का प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर पीटीआई इंदरजीत व कोच प्रियंका को भी बधाई दी।



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर के विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

## हर घर तिरंगा अभियानः पूर्व विधायक ने निवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने निवास स्थान पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान और एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगे की हर लहर में स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथा और हमारे वीर शहीदों का अद्वितीय बलिदान समाया है। दुड़ाराम ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल हमारी पहचान ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता, बलिदान और गौरवपूर्ण इतिहास का जीवंत प्रतीक है। इसकी रक्षा के लिए अनगिनत सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने शहीदों को नमन भी किया।



**फतेहाबाद।** अपने निवास पर तिरंगा फहराते पूर्व विधायक दुड़ाराम।

## विभाजन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

**फतेहाबाद।** गांव फुल्लां के ग्राउंड में हरकोफेड चेयरमैन वेद फुल्लां ने डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों के साथ मिलकर हिंदुस्तान के बंटवारे के समय जिन 15 लाख से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गवाई उनकी याद में व डेरा प्रमुख के जन्मदिन उपलक्ष्य में पौधा रोपण किया। इस समय पर चेयरमैन वेद फुल्लां ने कहा कि आज का दिन हमेशा इतिहास में हिंदुस्तान के बंटवारे व कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक राजनीतिक भूल के रूप में याद किया जाता है। जिस राजनीतिक भूल के वजह से देश के 15 लाख से ज्यादा भाई बहनों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, असंख्य महिलाओं को अपनी इज्ज्त गवानी पड़ी व करोड़ों लोगों को बेघर होना पड़ा।

# शुभम ने जीते तीन गोल्ड मेडल

- जिला स्विमिंग टूर्नामेंट के आयोजन में छाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्षेत्र की तैराकी क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से आर्यन स्कूल में जिला स्तरीय स्विमिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से अनेक खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीघड़ रोड स्थित गढ़वाल पूल फार्म में ट्रेनिंग ले रहे छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न कैटेगिरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। इस बारे जानकारी देते हुए गढ़वाल पूल फार्म के इंचार्ज रजत गढ़वाल ने बताया कि जिला स्तरीय स्विमिंग टूर्नामेंट में गढ़वाल स्विमिंग पूल पर तैयारी करने वाले छात्रों ने भाग लिया, जिसमें अंडर 14 आयु वर्ग में शुभम ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड, 50 मीटर बैक में गोल्ड तथा 400 मीटर में भी गोल्ड हासिल किया। इसके अलावा खुशवंत कुमार ने 100 मीटर में गोल्ड, एकम जोत ग्रेवाल ने 100 मी बटरफ्लाई में गोल्ड मेडल जीता। अंडर-14 आयु वर्ग में सिद्धार्थ गढ़वाल ने बटरफ्लाई में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में रिसिट बेनीवाल ने 50 मीटर फ्री में गोल्ड मेडल, 50 मीटर बैक में गोल्ड मेडल जीता।



**फतेहाबाद।** जिला स्विमिंग प्रतियोगिता में विजेता गढ़वाल पूल फार्म के छात्र।

# विभाजन विभीषिका समारोह के लिए रवाना

- फरीदाबाद पहुंचकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा सरकार द्वारा फरीदाबाद में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए वीरवार को फतेहाबाद जिले से जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में करीब 1500 कार्यकर्ता, पंचनद सदस्य व आमजन फरीदाबाद के लिए रवाना हुए। फतेहाबाद से बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में 13 बस, 2 एसी बस, 5 स्कूल बस व 200 से अधिक कारों में करीब 1500 लोग सवार होकर फरीदाबाद के लिए रवाना हुए। रवानगी के समय जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा भीम लाम्बा व संजय रेवड़ी, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक दर्शन नागपाल, फतेहाबाद विधानसभा संयोजक राधाकृष्ण नारंग, रतिया विधानसभा संयोजक नरेश तनेजा टीटू, टोहाना विधानसभा संयोजक रविन्द्र मैहता मौजूद रहे। फतेहाबाद से फरीदाबाद तक बरसात के बावजूद भी कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर दिखाई दिया।




**फतेहाबाद।** फरीदाबाद के लिए रवाना होते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### गौरव की बात : जोड़ा

रवानगी से पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति समारोह का हिस्सा बनने हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह ऐतिहासिक पल को महसूस करना ही अपने आप में गर्व की बात है। देश विभाजन के समय जो विभीषिका हुई। जिसे देश कभी भुला नहीं सकता। उस दिन को याद करते हुए विभीषिका का शिकार हुए पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने का यह सबसे बड़ा दिन है। कार्यक्रम के जिला संयोजक दर्शन नागपाल ने अपने संबोधन में कहा कि देश विभाजन के समय लाखों की तादाद में पंजाबी समुदाय के लोग अपने धर्म और मान सम्मान की रक्षा के लिए कठोर पीड़ा सहते हुए भारत देश को अपनाया था। देशभर में पंजाबी समाज के लोगों ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के साथ भारत देश के उत्थान और विकास में अपनी भूमिका निभाई है।

## हर घर तिरंगा अभियान में दिखा देशभक्ति का जोश

# नुक्कड़ नाटक से शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- पपीहा पार्क देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने कलाकारों की प्रस्तुति को जमकर सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल बनाने के उद्देश्य से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क में एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पपीहा पार्क देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। पूरा वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। इस आयोजन को बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक देखा। नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों को तिरंगे के महत्व, उसके गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका के बारे में जागरूक करना रहा। कलाकारों ने भावपूर्ण और जीवंत अभिनय के माध्यम से देशभक्ति का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित दर्शक भाव-विभोर हो उठे। प्रस्तुति में यह भी रेखांकित किया गया कि राष्ट्रीय ध्वज न केवल एक प्रतीक है, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और देश के प्रति निष्ठा का प्रतीक भी है।




**फतेहाबाद।** पपीहा पार्क में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते प्रकाश चंद्र एवं उनके दल के कलाकार। *फोटोः हरिभूमि*

### नाटक से दर्शकों में ऊर्जा और उत्साह का संचार

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र एवं उनके दल द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति आधारित नाटक ने दर्शकों में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं और बच्चों में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की हैं कि वे हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं और 15 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त करें। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और एकता का संदेश देने का सुनहरा मौका है।

ग्राम पंचायत पनिहारी की ओर से जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेरों शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत विकास की ओर अग्रसर
1: शमशानघाट का सौंदर्याकरण
2: आईबीपी गलियों का निर्माण
3: स्वच्छ पेयजल हेतु पाइप लाइन का निर्माण
4: सफाई की विशेष व्यवस्था
नीतू रानी
सरपंच
अजयंत गोदारा
पंचायत सचिव